बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, बि॰लो॰से॰आ॰ मुख्य (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 37/2025)

उम्मीदवारों के लिए आवश्यक सूचना

1. उक्त प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–27-02-2026 (शुक्रवार) को पटना मुख्यालय स्थित 01 परीक्षा केन्द्र पर दोनों पालियों में आयोजित की जायेगी।
2. **अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व (08:00 बजे पूर्वाह्न) परीक्षा केन्द्र पर निश्चित रूप से पहुँच जायें। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।**
3. अभ्यर्थी परीक्षा समाप्ति के उपरांत ही परीक्षा कक्ष/परिसर छोड़ेंगे।
4. परीक्षा केन्द्र परिसर, जहाँ परीक्षा होनी है, में कैलकुलेटर, मोबाईल, ब्लूटूथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Smart Watch आदि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लेकर जाना एवं उपयोग वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पाये जाने पर उसे कदाचार माना जायेगा।
5. Marker/White Fluid/Blade/Eraser को परीक्षा कक्ष में ले जाना वर्जित है।
6. कदाचार में लिप्त पाये जाने/परीक्षा कक्ष में Electronic सामग्री के साथ पाये जाने पर परीक्षार्थी को इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षों के लिए एवं परीक्षा से संबंधित भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जायेगा।
7. उक्त परीक्षा में उम्मीदवारों को कदाचार में लिप्त पाये जाने पर बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।
8. अभ्यर्थी किसी भी तरह के भ्रामक/सनसनीखेज अफवाह पर ध्यान न दें तथा आयोग से संबंधित सूचना आयोग के अधिकारिक वेबसाइट पर देखें।

24/12/26

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना